# अमेरिका के आगे झुक रही सरकार : कांग्रेस

**रूस से तेल बंद, पाकिस्तान को दे रहा है अमेरिका**

**खेड़ा बोले- मोदी की विदेश नीति विफल**



**नई दिल्ली, 1 अगस्त. कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के इशारे पर भारत रूस से तेल खरीदना बंद करना अच्छे दिन के संकेत नहीं है इसलिए अमेरिका के सामने सरेंडर नहीं किया जाना चाहिए.**

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका अब पाकिस्तान को तेल दे रहा है और भारत को परंपरागत मित्र रुस से तेल खरीदने से रोक रहा है. अनुमान लगाया जा सकता है कि मोदी राज में अच्छे दिन भारत के नहीं, पाकिस्तान के आए हैं. खेड़ा ने कहा सरेन्डर. मोदी अमेरिका के कहने पर मित्र देश रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, जबकि खुद अमेरिका भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ तेल समझौता कर चुका है. भारत पर तो अब भी 25 प्रतिशत टैरिफ़ और अघोषित पेनल्टी लगाई है लेकिन पाकिस्तान पर केवल 19 प्रतिशत टैरिफ़ लगाया है.उन्होंने कहा कि रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी देश रहा है.

### चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है- राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है और इसके उनके पास पर्याप्त सबूत हैं लेकिन जो यह चोरी करवा रहे हैं उनका यह काम देशद्रोह हैं और ऐसे लोगों को खोज निकालेंगे. गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है. मैं शत- प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं. हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है. कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव आयोग यह काम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए करा रहा है. उन्होंने कहा कि सवाल है कि आयोग किसके लिए करा रहा है यह वोट चोरी, इसका जवाब है कि भाजपा के लिए करा रहा है. उन्होंने कहा, हमें मध्य प्रदेश में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संदेह था. चुनाव आयोग हमारी मदद नहीं कर रहा था इसलिए हमने अपनी तरफ से जांच करवाई. इस जांच में छह महीने लगे और जो हमें मिला है- वह एटम बम है. चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं. क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है. आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं.

## हिमालय के बादलों में जहरीली धातुएं मिली

**नईदिल्ली.** वैज्ञानिकों ने पहली बार पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट के पर्वतीय इलाकों के बादलों में जहरीली भारी धातुओं का पता लगाया है जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकती हैं. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्वायत्त संस्थान बोस इंस्टीट्यूट ने मानसून के आगमन के दौरान पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट में असंघनित बादलों में जहरीली धातुओं की मौजूदगी पायी है. उन्होंने पाया कि कभी सबसे स्वच्छ पानी का स्रोत माने जाने वाले ये बादल प्रदूषित निचले इलाकों से अपने साथ विषैली भारी धातु भी लेकर आते हैं और धरती के सबसे ऊंचे व भंगुर पारिस्थितिकियों तक पहुंचाते हैं.



## अमेरिका के कनाडा पर टैरिफ बढ़ाने से बिफरे पीएम कार्नी

**ऑटो, स्टील व एल्युमीनियम पर बड़ा असर**

**सीयूएसएमए के बाहर की वस्तुओं पर 35 फीसदी टैरिफ**

**मॉस्को, 1 अगस्त. कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि कनाडा सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा एक अगस्त से कनाडा की वस्तुओं पर टैरिफ 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने के फैसले से निराश है.**

इसका बावजूद कनाडा सीयूएसएमए व्यापार समझौते के प्रति प्रतिबद्ध है जिसमें उसके साथ अमेरिका और मेक्सिको भी भागीदार हैं. प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प ने घोषणा की है कि अमेरिका उन कनाडाई निर्यातों पर टैरिफ बढ़ाकर 35 पतिशत कर देगा जो कनाडा-संयुक्त राज्य अमेरिका-मेक्सिको समझौते (सीयूएसएमए) के अंतर्गत नहीं आते हैं. हालांकि कनाडा सरकार इस कदम से निराश है, हम सीयूएसएमए के प्रति प्रतिबद्ध हैं, जो व्यापार की मात्रा के हिसाब से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता है. कार्नी के अनुसार अमेरिकी टैरिफ कनाडा की अर्थव्यवस्था के लकड़ी, इस्पात, एल्युमीनियम और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को बुरी तरह प्रभावित करेंगे.

## पुतिन-लुकाशेंको बैठक में कई मुद्दों पर बात होगी

**मॉस्को, 1 अगस्त.** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको शुक्रवार को एक अनौपचारिक बैठक में द्विपक्षीय संबंधों वअंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने यह जानकारी दी. इससे पहले दिन में बेलारूस के 'पुल पेर्वोगो टेलीग्राम चैनल' ने बताया था कि लुकाशेंको रूस में कुछ काम के लिये यात्रा पर जाएंगे. इस दौरान पुतिन के साथ उनकी बैठक होने की उम्मीद है. इस बीच पेस्कोव ने कहा पुतिन और लुकाशेंको के बीच एक अनौपचारिक बैठक होगी.

# सीएम साय ने की पीएम मोदी से मुलाकात

### विकास योजनाओं और प्राथमिकताओं से कराया अवगत



**नई दिल्ली, 1 अगस्त. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट कर राज्य के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया.**

साय ने खुद एक्स पर ट्वीट कर बताया, आज संसद भवन में मोदी जी से भेंट के दौरान कर राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक नवंबर को रायपुर में आयोजित 'अमृत रजत महोत्सव' में छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की तरफ से आमंत्रित किया है. मुझे विश्वास है कि उनकी सम्मानित उपस्थिति इस ऐतिहासिक आयोजन को सर्वोच्च गरिमा प्रदान करेगी. उन्होंने यह भी कहा, मैंने प्रधानमंत्री को जन विश्वास विधेयक, नवा रायपुर के एससीआरडीए, मेडिसिटी और एडु-सिटी जैसी योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी दी है. इसके अलावा प्रधानमंत्री से आदिवासी अंचलों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव के प्रयासों पर भी चर्चा हुई.

## थरूर को मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट से राहत का संकेत

- मोदी टिप्पणी मामले में बंद हो सकता है मुकदमा



**नई दिल्ली, 1 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 2018 के कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ मानहानि का मामला बंद करने का संकेत दिया है.**

शिकायतकर्ता भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव बब्बर के अधिवक्ता से पूछा इस मामले में आप इतना संवेदनशील क्यों हैं? न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनीं और शिकायतकर्ता से कहा, आइए इसे बंद करते हैं. आप इस मामले में इतना संवेदनशील क्यों होना चाहते हैं? थरूर ने 2018 में प्रधानमंत्री की तुलना बिच्छू से करने वाले कथित बयान के मामले में उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था.पीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से कहा प्रशासकों, राजनीतिक हस्तियों और न्यायाधीशों को कठोर शब्द सुनने की आदत होती है.

### अमेरिका ने मलेशिया पर टैरिफ दर घटाकर 19 प्रतिशत किया

**कुआलालंपुर.** अमेरिका ने मलेशिया पर लगाया गया आयात शुल्क दर को प्रारंभिक 25 प्रतिशत से घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया है और यह दर शुक्रवार से लागू होगा. व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि आयात शुल्क में ये बदलाव आदेश की तारीख के सात दिन बाद या उसके बाद उपभोग के लिए गोदाम में प्रवेश करने वाले या उपभोग के लिए गोदाम से निकाले गए सामानों पर लागू होंगे. नई दर हालांकि उन सामानों पर लागू नहीं होगी जो जहाजों पर लादे जा चुके हैं और उस समय से पहले ही परिवहन के अंतिम साधन पर पारगमन में हैं बशर्ते कि वे 05 अक्टूबर से पहले उपभोग के लिए गोदाम में प्रवेश कर चुके हों या उपभोग के लिए गोदाम से निकाले गए हों.

# आईआईटी ने स्टार्टअप को दिया बढ़ावा

- राष्ट्रपति ने आईएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

**धनबाद, 1 अगस्त. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आईआईटी आईएसएम धनबाद ने नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.**



राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज समय की मांग है कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट और स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाए जिसमें संस्थान अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने दीक्षांत समारोह के दौरान 32 छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल से नवाजा। राष्ट्रपति ने डिग्री हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी शुरुआत है। आगे जीवन में वह व्यक्तिगत उन्नति नहीं बल्कि सामूहिक विकास के लिए प्रयास करें तभी वर्ष 2047 तक हमारा विकसित राष्ट्र का लक्ष्य पूरा होगा।

राष्ट्रपति ने आईआईटी आईएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया. इससे पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी दीक्षांत समारोह के दौरान अपने संबोधन में कहा कि हमें अर्थनीति में अग्रणी होना है लेकिन अपने मूल्यों से समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने वसुदेव कुटुंबकम की बात करते हुए छात्रों को भारतीय जीवन दर्शन को अपनाने की बात कही। भविष्य में तकनीक के खतरे को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि गूगल चैटजीपीटी, ग्रोक जैसे एप्लीकेशन को हम अपना गुरु बना रहे हैं यह डिस्ट्रक्टिव गुरु है जिनसे हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड से घनिष्ठ संबंध है क्योंकि 6 वर्षों से ज्यादा यहां के राज्यपाल के तौर पर रही और यहां के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरूआत में आइआइटी-आइएसएम के चेयरमैन प्रेम व्रत ने कहा कि आइआइटी-आइएसएम आज हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा है,

## रूस का ड्रोन-मिसाइल हमला, कीव दहला

**कीव, 1 जुलाई.** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और अन्य 52 घायल हो गये. कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है. शहर में 27 जगहों पर हमला हुआ. हमले वाली जगहों पर बचाव अभियान जारी है और पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है. इस बीच, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि रूस ने यूक्रेन पर 300 से ज़्यादा ड्रोन हमले किए और आठ मिसाइलें दागीं.

# वेकोलि निदेशक सिंह की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

**निदेशक तकनीकी आनंद प्रसाद ने संभाला पदभार**



**नागपुर 1 अगस्त. निदेशक तकनीकी (संचालन) ए.के. सिंह की सेवानिवृत्ति पर 31 जुलाई को वेकोलि की ओर से भावभीनी विदाई दी गई.**

वेकोलि मुख्यालय के वेलफेयर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में स्वागतोपरांत निदेशक तकनीकी (संचालन) एके सिंह ने कोल इण्डिया लिमिटेड में अपने तीन दशक से अधिक सेवाकाल के दौरान सबके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने कोयला उद्योग में आए परिवर्तन के बारे में विस्तार से बात की. उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए निरंतर कार्य करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने कर्तव्यपरायणता एवं समयबद्धता को कार्य में सफलता के लिए आवश्यक मूलमंत्र बताया. अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक जे. पी. द्विवेदी ने एके सिंह की नम्रता, मिलन सारिता, आत्मीयता, कर्मठता, प्रेरणादायक नेतृत्व, प्रबंधकीय कौशल, नवीनतम प्रौद्योगिकी के उपयोग, बैठकों में कम्पनी के समक्ष आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए तर्कपूर्ण सुझाव एवं त्वरित निर्णय क्षमता आदि का उल्लेख करते हुए उनके साथ कार्य के दौरान आए अनुभव को सबके साथ साझा किया. उन्होंने कहा कि वेकोलि में, कोयला उत्पादन, ओबीआर तथा प्रेषण में बढ़त हासिल करने में श्री ए. के. सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (योज. एवं परि.) आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर म्हेत्रे, झंकार महिला मण्डल की अध्यक्षा आभा द्विवेदी तथा उपाध्यक्षा इंदु सिंह एवं रीना पांडे की विशेष उपस्थिति रही. कार्यक्रम में अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. सिंह की सेवानिवृत्ति पर निदेशक तकनीकी आनंद प्रसाद ने निदेशक तकनीकी (संचालन) का अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया.

### एक नजर में



## चीन ने यूक्रेन संकट में अमेरिकी आरोपों को नकारा

**संयुक्त राष्ट्र.** चीन ने कहा है कि न तो यूक्रेन संकट उसने शुरू किया और न ही वह इसमें शामिल है. उसने किसी भी पक्ष को कभी भी घातक हथियार नहीं दिए और उसने ड्रोन सहित दोहरे इस्तेवाल वाली चीजों के निर्यात पर कड़ा नियंत्रण रखा है. संयुक्त राष्ट्र (संरा) में चीनी राजदूत ने अमेरिकी आरोपों के जवाब में यह बात कही. इससे पहले सुरक्षा परिषद की बैठक मेंअमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि चीन इस युद्ध का सबसे महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता है. इसके जवाब में, संरा में चीन के उप-स्थायी प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने अमेरिका के चीन के खिलाफ लगाए इन आरोपों को झूठा, अपमानजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया.

# सिविल व सैन्यकर्मियों के बीच समन्वय जरूरी

- राजनाथ सिंह ने एकजुट होकर काम करने पर दिया जोर
- ऑपरेशन सिंदूर से मिली नई सोच को रेखांकित किया



**नई दिल्ली 1 अगस्त.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा है कि जब ये दोनों एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करेंगे तो देश का सुरक्षा ढांचा और भी अधिक मजबूत हो जाता है. सिंह ने शुक्रवार को यहां सशस्त्र बल सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढाने की दिशा में विचार करने को कहा. उन्होंने कहा कि इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि सिविल सेवा को और अधिक योगदान देने के अवसर किस तरह दिये जा सकते हैं. उन्होंने कहा, जब सिविल और सैन्य सेवाएं एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करती हैं तब देश का सुरक्षा ढांचा और भी मज़बूत होता है. यही हमारा संकल्प भी होना चाहिए. दुनिया भर में अनिश्चितता की स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे में सिविल-सैन्य समन्वय का महत्व बढ गया है. उन्होंने कहा, सिविल-मिलिट्री समन्वय का महत्व आज के समय में इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि आज की दुनिया बड़ी अनिश्चित हो गई है. आज हम यह अनुमान नहीं लगा सकते, कि दुनिया के जिन इलाकों में आज शांति है, वहां भविष्य में तनाव नहीं होगा.

आप खुद ही सोचिए, आज से तीन-चार महीने पहले हमने कहां सोचा था, कि हमें कभी ऑपरेशन सिंदूर भी करना पड़ेगा. हमने कहां सोचा था, कि युद्ध जैसी परिस्थितियां हमारे दरवाजे पर आकर खड़ी हो जाएंगी. अभी जिस स्थिति में पूरी दुनिया है उसमें जरा सी भी लापरवाही या गलती की गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती.

### आज का इतिहास

- 1788 : न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना.
- 1844 : भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म.
- 1876 : कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना.
- 1951 : नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध समाप्त किया.
- 1956 : मिस्र ने स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया.
- 1965 : मालदीव ब्रिटेन से आजाद हुआ.
- 2005 : नासा के शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण.
- 2007 : पाकिस्तान ने परमाणु मिसाइल बाबर हत्फ़-7 का सफल परीक्षण किया.
- 2013 : पाकिस्तान में बम विस्फोट में 57 लोग मारे गये.

# विपक्ष ने ओम बिरला को लिखा पत्र, संसद में चर्चा की मांग

**नई दिल्ली, 1 अगस्त. इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराने का आग्रह करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है.**

इंडिया गठबंधन के नेताओं बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त करते कहा है यह तब और भी चिंता का विषय बन जाता है जब राज्य विधानसभा चुनाव कुछ ही माह में होने वाले हैं. उन्होंने इस प्रक्रिया को अभूतपूर्व बताया और कहा कि चुनाव आयोग ने संकेत दिया है कि इस प्रकार की कवायद जल्द ही पूरे देश में की जाएगी. उनका कहना था कि इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, समय-सीमा और उद्देश्य को लेकर व्यापक आशंकाएं बन रही हैं इसलिए इस मुद्दे पर तत्काल संसद में चर्चा करना जरूरी है. पत्र में कहा कि विभिन्न दल लगातार इस मुद्दे को मौजूदा सत्र की शुरुआत से ही उठाते रहे हैं और सरकार के साथ कई बैठकों में भी इसी मुद्दे पर चिंता जताते हुए इसे दोहराया गया है. यह मुद्दा 20 जुलाई को हुई सर्वदलीय बैठक भी शामिल रहा है और सरकार ने सभी मुद्दों पर चर्चा कराने की बात कही थी लेकिन चर्चा नहीं की गयी है. उन्होंने पत्र में लिखा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का मतदान के अधिकार और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर सीधा असर पड़ता है.

**श्रद्धांजलि** | **लोकमान्य गंगाधर तिलक को पुण्यतिथि पर संदेशों की श्रृंखला समर्पित**

# तिलक का जीवन बना राष्ट्र का दीपस्तंभ

**नईदिल्ली, 1 अगस्त. स्वदेशी, स्वराज और स्वसंस्कृति के प्रतीक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि को याद कर श्रद्धांजलि दी.**



अमित शाह ने कहा कि स्वराष्ट्र, स्वभाषा और स्वसंस्कृति के सम्मान के लिए उन्होंने अपने जीवन का क्षण-क्षण न्योछावर कर दिया, उनका दर्शन एवं दृष्टि युगों-युगों तक हमें प्रेरणा देती रहेगी। तिलक ने स्वराज को जनआंदोलन, स्वदेशी को जनचेतना और संस्कृति को राष्ट्रगौरव का मार्ग बनाया.



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले बाल गंगाधर तिलक पूर्ण स्वराज के अमर उद्घोष से संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रवादी चिंतक, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे. तिलक जी ने स्वराज को जनआंदोलन, स्वदेशी को जनचेतना और संस्कृति को राष्ट्रगौरव का मार्ग बनाया। उन्होंने गणेश उत्सव और छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती से सामाजिक एकता, केसरी व मराठा समाचार पत्रों से स्वाधीनता और गीता रहस्य से कर्मयोग की प्रेरणा दी.



जेपी नड्डा ने कहा कि देश की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। स्वदेशी और स्वराज के प्रति देशवासियों को पुनर्जागृत करने और स्वतंत्रता आंदोलन को जनआंदोलन में बदलने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा के उद्घोषक, महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी एवं समाज सुधारक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं! आजादी के आंदोलन में आपके साहस, संघर्ष और समर्पण की गाथा देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।



## हिमाचल में बारिश का कहर, 173 की मौत

**शिमला, 1 अगस्त.** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही मानसूनी बारिश के कारण भूस्खलन और वर्षा जनित अन्य घटनाओं ने जनजीवन और बुनियादी ढांचे को अस्त-व्यस्त कर दिया है. आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार 20 जून से 31 जुलाई के बीच राज्य में 173 मौतें (सड़क दुर्घटनाओं में 78 सहित) हो गयी हैं जबकि विभिन्न घटनाओं में 281 लोग घायल हैं. इसके अलावा 36 लोग लापता हैं. बारिश संबंधी घटनाओं में 1,766 घर और दुकानें क्षतिग्रस्त और 1,313 गौशालाएं नष्ट हो गयीं. इस बीच नवीनतम आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार सुबह तक राज्य की 317 सड़कें, 360 बिजली ट्रांसफार्मर और 259 जलापूर्ति योजनाएं ठप हो गयीं.

# पंजाब दिखा रहा देश को नशा मुक्त राह : केजरीवाल

**नईदिल्ली, 1 अगस्त. अरविंद केजरीवाल ने सीएम भगवंत मान के साथ शहीद उधम सिंह के बालिदान दिवस पर उनके पैतृक नगर सुनाम में उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद विकास कार्यों का उद्घाटन किया.**



अरविंद केजरीवाल ने कहा पंजाब में एक ओर अपराध के खिलाफ न्याय की लड़ाई तेज़ हो रही है, तो दूसरी ओर युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए अभूतपूर्व पहल शुरू की गई है। एक नई शुरुआत से ही नशे के प्रति शिक्षित करेंगे. अरविंद केजरीवाल ने आज दिवंगत संजय वर्मा जी के परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। पंजाब के जाने-माने कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा जी की हाल ही में कुछ अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अरविंद केजरीवाल ने उन्हें श्रद्धांजलि दी, बोले- कहा

यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। हम विश्वास दिलाते हैं कि दिवंगत संजय वर्मा जी को जल्द न्याय मिलेगा और अपराधियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाएगी।युद्ध, नशे के विरुद्ध' अब सिर्फ़ नारा नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। आज से पंजाब के स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए

हमें मिलकर पंजाब को नशा मुक्त बनाना है। हमने नशे के विरुद्ध यात्रा शुरु की है। ये यात्रा अभी तक लगभग 10 हजार वार्ड और पिंडों में जा चुकी है, हर जगह पूरे के पूरे पिंड एक साथ खड़े हो रहे हैं और कसम खा रहे हैं कि अपने पिंड में किसी को नशा बेचने नहीं देंगे। अब हम बच्चों को बचपन से ही उनके पाठ्यक्रम में नशे के खिलाफ शिक्षा देंगे और साढ़े 3 हजार सरकारी स्कूलों में इसकी शुरुआत हो रही है. पिछली सरकारों ने सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्क कर के रखा था, लेकिन हम लोग दिन रात मेहनत करके स्कूलों को शानदार बना रहे हैं.